चीन से भारतीय साइटों पर कयि गए सर्वाधकि साइबर हमले

संदर्भ

इलेक्ट्रॉनक्सि और सूचना प्रौद्योगकिी मंत्रालय के तहत एक वभिाग द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा परषिद सचविालय (National Security Council Secretariat - NSCS) और अन्य सुरक्षा एजेंसयिों को भेजी गई रपिोर्ट में कहा गया है कि आधकिारकि भारतीय वेबसाइटों पर अधकिांश साइबर हमले चीन, अमेरकिा और रूस द्वारा कयि गए हैं।

प्रमुख बदिु

- भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतकि्रयिा टीम (CERT-In) द्वारा तैयार की गई रपिोर्ट में अप्रैल-जून 2018 में हुए साइबर हमलों के बारे में सूचना दी गई है।
- इस रपिोर्ट के अनुसार, भारत कि आधकिारकि वेबसाइटों पर सबसे अधकि साइबर हमले चीन द्वारा कयि गए। उल्लेखनीय है कि चीन द्वारा कयि गए साइबर हमले भारत में साइबर हमलों की कुल संख्या का 35% हैं।
- चीन के बाद भारत पर सर्वाधकि साइबर हमला करने वालों में अमेरकिा (17%), रूस (15%), पाकस्तिान (9%), कनाडा (7%) और जर्मनी (5%) शामलि हैं।
- साथ ही, इस रपिोर्ट में पाकस्तिान द्वारा जर्मन और कनाडाई साइबर स्पेस का उपयोग कर भारतीय साइबर स्पेस में घुसपैठ करने और दुर्भावनापूर्ण गतविधियिों को बढ़ावा देने की संभावना भी व्यक्त की गई है।
- इस रपिोर्ट में दुर्भावनापूर्ण गतविधियिों से प्रभावति कई संस्थानों की पहचान की गई है और उन्हें उचति नविारक कार्रवाई करने की सलाह दी गई है।

साइबर हमलों से सर्वाधकि प्रभावति होने वाले संस्थान

- इन गतविधियिों से प्रभावति संस्थानों में तेल और प्राकृतकि गैस नगिम (Oil and Natural Gas Corporation -ONGC), राष्ट्रीय सूचना वज्ञिान केंद्र (National Informatics Centre- NIC), भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन नगिम (Indian Railway Catering and Tourism Corporation -IRCTC), रेलवे, रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (Centre for Railway Information Systems- CRIS) और पंजाब नेशनल बैंक, ओरएिंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, स्टेट बैंक ऑफ इंडया जैसे कुछ बैंक तथा राज्य डेटा केंद्र वशिेष रूप से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक शामलि हैं।

भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतकि्रयिा टीम (CERT-In)

- भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतकि्रयिा टीम, सर्ट-इन (Indian Computer Emergency Response Team- CERT-In) सरकार द्वारा आदेशति (Government-Mandated) एक सूचना प्रौद्योगकिी सुरक्षा संगठन है।
- इसका गठन वर्ष 2004 में भारतीय सूचना प्रौद्योगकिी वभिाग (Indian Department of Information Technology) द्वारा कयिा गया था। इसका संचालन भी इसी के द्वारा कयिा जाता है।

उद्देश्य

सर्ट-इन के कुछ मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं –

- कंप्यूटर की सुरक्षा से जुड़ी घटनाओं के संदर्भ में कार्यवाही करना।
- कमज़ोरयिों के वषिय में रपिोर्ट करना।
- देश भर में आई.टी. सुरक्षा के संबंध में प्रभावी कार्यों को बढ़ावा देना।
- ध्यातव्य है कि सूचना प्रौद्योगकिी संशोधन अधनियिम (Information Technology Amendment Act) के प्रावधानों के अनुसार, इस अधनियिम में वर्णति प्रावधानों की देख-रेख संबंधी ज़म्मिेदारी सर्ट-इन की है।